आर्नोल्ड ने अभिषेक को दी बधाई

हॉलीवुड अभिनेता आर्नोल्ड श्वात्जनेगर ने बॉलीवुड सितारे अभिषेक बच्चन को पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए मिले सम्मान पर बधाई दी है। अभिषेक को श्वात्जनेगर से यह सम्मान मिलने वाला था लेकिन वह कार्यक्रम में शामिल न हो सके। श्वात्जनेगर ने शुक्रवार सुबह अभिषेक को ट्विटर के जरिए बधाई देते हुए कहा कि अन्य हस्तियों को भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अगली बार जब भारत आएंगे तो अभिषेक से मिलेंगे। कैलीफोर्निया के पूर्व गवर्नर 64 वर्षीय श्वात्जनेगर 12वें दिल्ली सतत विकास शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे थे। वह ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन पुरस्कार समारोह में भी शिरकत करने वाले थे।

वह वहां अभिषेक को उनके पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों के लिए ग्रीन ग्लोब फॉर आउटस्टैंडिंग एफर्ट्स बाय ए सेलिब्रिटी पुरस्कार देने वाले थे लेकिन वह कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। वैसे अभिषेक ने कहा है कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि उन्हें यह पुरस्कार श्वात्जनेगर देने वाले थे। अभिषेक ने कहा, विजक्राफ्ट के लोग श्वात्जनेगर से मिले थे और सब कुछ तय था लेकिन मुझे नहीं पता कि वह वहां क्यों नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह हरे-भरे भविष्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए श्वात्जनेगर के साथ काम करना चाहते हैं और इसमें उन्हें खुशी होगी।